100 Marks

Hindi Comp.

2017

Time : 3 hours

Full Marks : 100

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

The figures in the margin indicate full marks.

उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।

निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए: 12×3=36

(क) पठित काव्यांश के आधार पर कबीर अथवा बिहारी की काव्यगत विशेषताओं का विवेचन करें।

(ख) पठित पदों के आधार पर मैथिलीशरण गुप्त अथवा रहीम की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

(ग) रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा लिखित 'बुधिया' शीर्षक रेखाचित्र का सारांश लिखें। BiharPaper.com

(घ) 'पूस की रात' कहानी भारतीय मजदूर किसान के जीवन की त्रासद कहानी है। इस उक्ति के आलोक में कहानी की समीक्षा करें।

(ङ) 'परदेशी' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखें।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 8×3=24

(क) बड़ सुख सार पाओल तुअ तीरे, छोड़इत निकट नयन बहनीरे।
करजोरि बिनयओ विमल तरंगे, पुन दरसन होए पुनमति गंगे।

(ख) नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास इहि काल।
अली कली ही सों बँध्यो, आगे कौन हवाल।

(ग) माया के मोहक वन की क्या कहूँ कहानी, परदेशी
भय है सुनकर हँस दोगे मेरी नादानी, परदेशी।

(घ) उसने मजूरी से एक-एक पैसा काट कपट कर तीन रूपये कम्बल के लिए जमा किये थे। वह आज निकले रहे थे। एक-एक पग के साथ उसका मस्तक अपनी दीनता के भार से दबा जा रहा था।

DOWNLOADED FROM PPULearn.com

(ङ) पंडितजी, जिस थाली में आप खाते हैं, उसी में छेद करते हुए आपको शर्म नहीं आई?

3. निम्नलिखित में से किसी एक पर निबन्ध लिखें: 15

(क) आतंकवाद

(ख) आपके प्रिय लेखक

(ग) विज्ञान: वरदान या अभिशाप

4. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए: 5×3=15

(क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करें:

राम रोटी खाया।

सीता फूल सूँघी।

उसका होश उड़ गया।

बच्चे ने दही गिरा दी।

बेफिजूल बातें मत करो।

(ख) उपसर्ग और प्रत्यय में सोदाहरण अन्तर स्पष्ट करे।

(ग) पल्लवन कीजिए:

का बरखा जब कृषि सुखाने।

(घ) वाक्य-प्रयोग द्वारा किन्हीं पाँच शब्दों का लिंग-निर्णय करें:

मोती, घी, दही, प्यास, सजावट, लालच, शराब।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें: 1×10=10

(i) तुलसीदास किस काल के कवि हैं?

(ii) 'यशोधरा' किसकी रचना है?

(iii) रसखान किसके भक्त हैं? BiharPaper.com

(iv) 'पूस की रात' किसकी कहानी है?

(v) सूरदास किस काल के कवि हैं?

(vi) रहीम का पूरा नाम बतलाएँ।

(vii) मैथिलीशरण गुप्त के साहित्यिक गुरू कौन हैं?

(viii) प्रेमचन्द का वास्तविक नाम क्या है?

(ix) 'सबिया' के लेखक कौन हैं?

(x) बिहारी किस काल के कवि हैं?

——— × ———

DOWNLOADED FROM PPULearn.com